प्रथम अपील अधिकारी, सूचना का अधिकार अधिनियम
एवं जिला कलक्टर उदयपुर
निर्णय द्वारा अध्यासित गौरव अग्रवाल आई.ए.एस.

प्रकरण संख्या: **30/2026** (अपील सूचना का अधिकार)

Roop Shankar Pareek Add: Jadana, Rashmi, Chittorgarh, Raj.

..............**अपीलार्थी**

बनाम

सहायक लोक सूचना अधिकारी, उपखण्ड अधिकारी झाडोल, उदयपुर

..................**प्रत्यर्थी**

प्रथम अपील अन्तर्गत सूचना का अधिकार अधिनियम 2005

निर्णय

दिनांक: 28/04/2026

प्रकरण में संक्षिप्त तथ्य इस प्रकार है कि अपीलार्थी द्वारा सूचना का अधिकार अधिनियम 2005 के अन्तर्गत एक अपील ऑनलाईन क्रमांक 329974191207859 प्रस्तुत कर निवेदन किया कि एक ऑनलाईन प्रार्थना पत्र दिनांक 29.11.2025 को प्रत्यर्थी के कार्यालय में प्रस्तुत कर सूचना चाही गई। प्रत्यर्थी द्वारा अपीलार्थी को चाही गई सूचना उपलब्ध नहीं करवाये जाने से क्षुब्ध होकर यह अपील प्रस्तुत की गई है।

अपील अपीलार्थी दर्ज रजिस्टर की जाकर प्रत्यर्थी से अपील पर जवाब तथा सूचना उपलब्ध कराने हेतु ऑनलाईन पत्र क्रमांक 5959741670 दिनांक 22.01.2026 एवं कार्यालय के पत्रांक रीडर/सू.अ.2005/प्रथम अपील/30/26/121–22 दिनांक 22.01.2026 से लिखा गया। प्रत्यर्थी द्वारा प्रस्तुत जवाब शामिल पत्रावली किया गया।

सहायक लोक सूचना अधिकारी एवं उपखण्ड अधिकारी झाडोल द्वारा जरिये पत्रांक सू.अ./2026/163 दिनांक 16.02.2026 से न्यायालय को प्रत्युत्तर प्रेषित करते हुए अवगत कराया गया कि प्रार्थी द्वारा दिनांक 1 जनवरी 2021 से 25 नबम्वर 2025 तक कार्यालय में आवंटित राजकीय वाहन की लोकबुक, वाहन की मरम्मत पर व्यय राशि के बिल एवं ईधन के बिलों की सत्यापित प्रति चाही गई है। उक्त संबंध में वाहन चालक को कार्यालय हाजा के पत्रांक 1535, 1560 दिनांक क्रमशः 01.12.2025 एवं 11.12.2025 से सूचना उपलब्ध कराने हेतु लिखा गया। साही ही जिला कलक्टर(पुल), उदयपुर को भी कार्यालय के पत्रांक 1598 दिनांक 23.12.2025 से सूचना का अधिकार के तहत चाही गई सूचना उपलब्ध कराने हेतु निवेदन किया गया किन्तु चाही गई सूचना उपलब्ध नहीं होने से प्रार्थी को उक्त सूचना उपलब्ध नहीं करा सके।

पत्रावली का अवलोकन किया गया। प्रकरण में अपीलार्थी द्वारा सूचना का अधिकार अधिनियम, 2005 की धारा 6(1) जिला पूल उदयपुर द्वारा उपखण्ड कार्यालय झाडोल को आवंटित राजकीय वाहनों की लॉग बुक तथा उक्त वाहनों में किए गए मरम्मत एवं ईंधन व्यय के बिलों का विवरण के संबंध में सूचना चाही गई है। राजकीय वाहनों की लॉग बुक,

Signature valid
Digitally signed by Gaurav Agrawal
Designation: Collector & District Magistrate
Date: 2026.04.28 13:13:38 IST
Reason: Approved

RajKaj Ref No.: 21846217
M e-Sign

आगमन विवरण से संबंधित सूचनाएँ संवेदनशील क्षेत्रों के दौरे, कानून व्यवस्था एवं विशिष्ट एवं अति विशिष्टि व्यक्तियों के दौरों से संबंधित होकर गोपनीय सूचनाएं है जो उनकी सुरक्षा से संबंधित हैं। इस प्रकार अधिनियम के उद्देश्य के मध्येनजर चाही गई सूचनाएं देय नहीं है। अपीलार्थी द्वारा बिना किसी सार्थक उद्देश्य के सूचना की मांग करना लोक प्राधिकरण के सीमित संसाधनों के विपरीत है। अपीलार्थी द्वारा चाही गई सूचना ना तो उनसे संबंधित है ना ही व्यापक लोक हित में है। इस प्रकार की सूचना का व्यापक प्रकटीकरण सूचना का अधिकार अधिनियम, 2005 की धारा 8(1)(a) एवं धारा 8(1)(e) के अंतर्गत अपवर्जित है।

उपरोक्त विवेचन के आधार पर सूचना का अधिकार अधिनियम 2005 की धारा 19(1) के तहत प्रस्तुत प्रथम अपील सारहीन होने से खारिज की जाती है। निर्णय की प्रति उभयपक्ष को प्रेषित की जावे। पत्रावली फैसल शुमार होकर नम्बर से कम हो। बाद कार्यवाही दाखिल दफ्तर हो।

(गौरव अग्रवाल)
प्रथम अपील अधिकारी,
सूचना का अधिकार अधि. एवं
जिला कलक्टर, उदयपुर

Signature valid

Digitally signed by Gaurav Agrawal
Designation : Collector & District Magistrate
Date: 2026.04.28 13:13:38 IST
Reason: Approved

RajKaj Ref No.:
21846217
M e-Sign